# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-28.06.2025**

**विषय:- दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट व डीपी एक्ट के मुकदमें में वांछित अभियुक्त सोनू विश्वकर्मा को थाना चोलापुर द्वारा गिरफ्तार किया गया।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व मे थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 0276/2025 धारा 376,323,363,498 ए व 3/4 डीपी एक्ट एवं 3 / 4 पाक्सो एक्ट थाना चोलापुर जनपद वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त सोनू विश्वकर्मा पुत्र राजकुमार विश्वकर्मा निवासी ग्राम गुरवट थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक 28.06.2025 को समय करीब 14.10 बजे संस्कृत महाविद्यालय गुरवट के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 27.06.2025 को वादिनी मुकदमा ने विपक्षी सोनू विश्वकर्मा द्वारा सन् 2012 में वादिनी की नाबालिग पुत्री उम्र करीब 16 वर्ष को बहाल-फुसला कर ले जाने, जबरदस्ती शारीरिक सम्बन्ध बनाने, मंदिर में शादी करने, विपक्षी सोनू व उसके परिजनो द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने व मारने पिटने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चोलापुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ विजय प्रताप सिंह द्वारा संपादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता का विवरण-**

सोनू विश्वकर्मा पुत्र राजकुमार विश्वकर्मा निवासी ग्राम गुरवट थाना चोलापुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 30 वर्ष।

**गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान-**

संस्कृत महाविद्यालय गुरवट के पास से, दिनांक 28.06.2025 को समय करीब 14.10 बजे।

**आपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0 0276/2025 धारा 376,323,363,498 ए व 3 / 4 डीपी एक्ट एवं 3 / 4 पाक्सो एक्ट थाना चोलापुर जनपद वाराणसी

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. उ0नि0 चन्द्रभूषण थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. हे0का0 जगजीवन राम थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 सत्यदीन यादव थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।



**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी**